RNI NO. 50259/90
वर्ष : 37
अंक : 31
भोपाल, शनिवार
14 मार्च 2026
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com

06 डबल इंजन की सरकार में बहनों को मिल रही...

भारतीय फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स ने... 06

जोधपुर जेल से 170 दिन बाद रिहा होंगे

## सोनम वांगचुक पर लगा एनएसए हटाया

नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्र ने शनिवार को लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक पर लगा नेशनल सिक्युरिटी एक्ट (एनएसए) हटा दिया। यह आदेश तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दिया जाएगा। गृह मंत्रालय के अनुसार, सोनम ने एनएसए एक्ट के तहत अपनी हिरासत की अवधि का लगभग आधा हिस्सा पूरा कर लिया है।लद्दाख प्रशासन ने 24 सितंबर 2025 को लेह हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत वांगचुक को हिरासत में लिया था।170 दिन से वे जोधपुर जेल में हैं। अब उनकी रिहाई होगी। लेह हिंसा में 4 लोगों की मौत हो गई थी।150 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। सोनम वांगचुक को 26 सितंबर 2025 को एनएसए के तहत हिरासत में लिया गया था। वह लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। आंदोलन के दौरान हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद उनकी गिरफ्तारी की गई थी। इन प्रदर्शनों में 4 लोगों की मौत हुई थी।



**लेह हिंसा के बाद हिरासत में लिए गए थे**

### उड़ता तीर




ईरान ने अमेरिका-इजरायल युद्ध के बीच भारतीय झंडे वाले जहाजों को दिया रास्ता

# शिवालिक के बाद नंदा देवी होर्मुज स्ट्रेट से निकला भारत का दूसरा एलपीजी से लदा जहाज

नई दिल्ली ■ एजेंसी

अमेरिका-इजरायल युद्ध के बीच ईरान ने भारतीय झंडे वाले टैंकरों को होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित रास्ता दिया है। भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर शिवालिक ने सफलतापूर्वक इस स्ट्रेट को पार कर लिया है और अब दूसरा एलपीजी जहाज नंदा देवी भी इस अहम तेल मार्ग से सुरक्षित बाहर निकल गया है।

सरकारी सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शिवालिक को भारतीय नौसेना सुरक्षा दे रही है। उम्मीद है कि यह जहाज अगले दो दिनों के भीतर किसी भारतीय बंदरगाह पर पहुंच जाएगा और इसका संभावित गंतव्य मुंबई या कांडला हो सकता है। यह जहाज अब खुले समुद्र में पहुंच चुका है और भारतीय नौसेना के मार्गदर्शन में सुरक्षित रूप से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस बीच नंदा देवी 46,000 मीट्रिक टन से ज्यादा लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) ले जा रही है, जो भारत की एनर्जी सप्लाई चेन के लिए बहुत जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक, दोनों जहाजों को नेवल एसेट्स से करीब से गाइड किया जा रहा है ताकि स्ट्रेटेजिक रूप से संवेदनशील पानी से सुरक्षित ट्रांजिट पक्का किया जा सके।

**पीएम मोदी-ईरानी राष्ट्रपति की बातचीत के बाद यह संभव हुआ**



### ईरान के राजदूत ने भारत को बताया दोस्त

इससे पहले, भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने पुष्टि की कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच दोनों देशों के बीच पुरानी दोस्ती और साझा हितों का हवाला देते हुए तेहरान होर्मुज स्ट्रेटट से होकर भारत जाने वाले जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करेगा। फथाली ने कहा भारत और हम दोस्त हैं। हमारे हित एक जैसे हैं; हमारी किस्मत एक जैसी है। उन्होंने दोनों देशों के बीच आपसी जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा, भारत के लोगों का दुख हमारा दुख है और हमारा दुख भारत के लोगों का दुख है। और इसी वजह से भारत सरकार हमारी मदद करती है और हमें भी भारत सरकार की मदद करनी चाहिए, क्योंकि हमारा भविष्य और हमारे हित एक-जैसे हैं।

### पीएम मोदी ने की थी मसूद पेजेशकियन से बात

यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के बीच सामान और एनर्जी के फ्लो को लेकर हुई हाई-लेवल बातचीत के बाद उठाया गया है। इस बीच, भारत में ईरान के एम्बेसडर मोहम्मद फतली ने शुक्रवार को इशारा किया कि मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच भारतीय जहाजों को जल्द ही होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित रास्ता मिल सकता है।

### भारत सरकार ने की हमारी मदद

फतहली ने कहा कि इस क्षेत्र में भारत और ईरान के साझा हित हैं। उन्होंने कहा, हां, क्योंकि भारत हमारा दोस्त है। आप इसे दो-तीन घंटों के भीतर देख लेंगे। हमारा मानना है कि इस क्षेत्र में ईरान और भारत के हित एक जैसे हैं। उन्होंने आगे कहा, भारत में राजदूत के तौर पर मैं यह कहना चाहूंगा कि इस स्थिति में युद्ध के बाद भारत सरकार ने अलग-अलग क्षेत्रों में हमारी मदद की।



मध्यप्रदेश में होटल बंद होने के कगार पर

## रायसेन में सिलेंडर लेकर किया चक्काजाम

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्य प्रदेश में पांच दिनों से प्रदेश के 50 हजार से ज्यादा होटल और रेस्टॉरेंट को कॉमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई नहीं मिल पाई है। कई होटलों में केवल 24 घंटे का स्टॉक बचा है, जिससे प्रदेश की खान-पान व्यवस्था ठप होने के कगार पर है। वैकल्पिक तौर पर लोग इंडक्शन और डीजल भट्ठियों का सहारा ले रहे हैं, लेकिन घरेलू रसोई का संकट और भी भयावह हो गया है। गैस किल्लत का सबसे उग्र रूप रायसेन में देखने को मिला। रायसेन के सागर रोड स्थित एक गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। सुबह 5 बजे से कतार में लगे सैकड़ों लोगों को जब 10 बजे तक सिलेंडर नहीं मिला और एजेंसी नहीं खुली तो उन्होंने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। सागर रोड स्थित गैस एजेंसी पर सुबह 5 बजे से कतार में लगे सैकड़ों उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। जब सुबह 10 बजे तक एजेंसी नहीं खुली तो लोगों ने खाली सिलेंडर सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। भोपाल के दशहरा मैदान में सुबह 6 बजे से ही 200 से अधिक लोग कतार में लगे हैं। वहीं भोपाल के ही गांधी मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टरों का कहना है कि परिसर में 16 हॉस्टल मेस हैं। कैंटीन और मरीजों के सेंट्रलाइज्ड किचन है। कैंटीन संचालकों को कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल रहे। बुकिंग पर 25 दिन की वेटिंग दी जा रही है। मेस संचालकों के पास दो दिन का स्टॉक बचा है। यदि सप्लाई जल्द बहाल नहीं हुई तो हमें खाली पेट ड्यूटी करना पड़ेगी।

**भोपाल में गैस एजेंसियों और गोदामों में सुबह से लंबी लाइनें**



इधर, एलपीजी सिलेंडर के लिए मारामारी

## देशभर में जमाखोरी के खिलाफ एक्शन में सरकार, हजारों सिलेंडर बरामद

मिडिल ईस्ट में जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इसका असर अब पूरी दुनिया भर में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से देखने को मिल रहा है। भारत भी इस युद्ध के असर से अछूता नहीं है। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच अब भारत में एलपीजी का संकट गहराता जा रहा है। हालांकि भारत सरकार बार-बार लोगों से पैनिक बुकिंग से बचने की अपील कर रही है। इसके बावजूद गैस एजेंसियों और गोदामों के बाहर लोगों की लंबी कतार देखने को मिल रही है। लोग अपनी जॉब से छुट्टी लेकर सुबह से लाइन में एक सिलेंडर का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन कई को शाम होते-होते मायूसी ही हाथ लग रही है। सरकार कालाबाजारी और जमाखोरी को लेकर सख्त है, हर राज्य में पुलिस और प्रशासन एक्शन मोड में है। महंगे दामों पर सिलेंडर बेचने वालों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है। होटल-रेस्टरेंट्स अब इंडक्शन और कोयले के सहारे चलने पर मजबूर हो गए हैं।

### मुंबई में भी जगह-जगह छापेमारी

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भी एलपीजी की कालाबाजारी करने वालों पर एक्शन हो रहा है। मुंबई के वर्ली में प्रशासन ने रेड के दौरान घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर जब्त किए हैं। रेड के दौरान 5 किलो के 6 भरे, और 58 खाली सिलेंडर बरामद किए गए हैं। आरोप है कि अवैध तरीके से सिलेंडर भरकर बेचने का काम चल रहा था। मुंबई में एलपीजी संकट के चलते कई बड़े रेस्टोरेंट्स बंद हो चुके हैं। कुछ संकट के बीच अब चूल्हे का सहारा ले रहे हैं।

### बंद एजेंसी से जब्त किए सिलेंडर

एमपी के भोपाल में प्रशासन ने बड़ा एक्शन लिया है। यहां एक बंद पड़ी गैस एजेंसी से पुलिस और प्रशासन ने मिलकर 668 सिलेंडर बरामद किए हैं। यहां तीन ट्रक सिलेंडर मिले हैं, जो क्राइसिस के वक्त बहुत बड़ी कामयाबी है। बिना रजिस्टर में दर्ज किए गए 1574 सिलेंडर भी बरामद किए गए हैं। बताया जा रहा है कि बंद पड़ी गैस एजेंसी महंगे दामों में लोगों को एलपीजी सिलेंडर बेच रही थी।

ईरान ने किया भीषण हमला

## इराक के बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर दागी मिसाइल



नई दिल्ली ■ एजेंसी

अमेरिका ने ईरान के ऑयल एक्सपोर्ट हब खर्ग आइलैंड पर बमबारी की। जवाबी हमला करते हुए ईरान ने इराक के बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर हमला कर दिया। इराक के अधिकारियों ने हमले की पुष्टि की और बताया कि ईरान की मिसाइल दूतावास के हेलीपैड पर गिरी है। दूतावास परिसर के अंदर हेलिकॉप्टर उताने के लिए हेलीपैड बनाया गया है, जो मिसाइल अटैक से तबाह हो गया है। पूरा कैंपस भी जलकर राख हो गया है। बता दें कि अमेरिकी दूतावास इराक की राजधानी बगदाद के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले 'ग्रीन जोन' में है, जहां हमला करने की हिम्मत ईरान ने दिखाई है। हेलीपैड को निशाना बनाकर ही मिसाइल दागी गई थी। हमले के बाद दूतावास परिसर से काला धुआं निकलते देखा गया और कैंपस में हड़कंप भी मच गया। वहीं अमेरिकी दूतावास में लगे रडार सिस्टम पर ड्रोन अटैक हुआ है, जिससे रडार को नुकसान पहुंचा है, लेकिन उसे रिकवर कर लिया जाएगा। सोशल मीडिया वायरल वीडियो में अमेरिकी दूतावास से धुएं का गुबार उठता देख सकते हैं। हालांकि दूतावास में जानी नुकसान होने की आधिकारिक पुष्टि अमेरिका ने नहीं की है, लेकिन अमेरिका की मरीन कॉर्प्स के कमांडो और इराक पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। यह हमला तब किया गया है, जब अमेरिका ने खर्ग आइलैंड पर हमला किया और ईरान के सुप्रीम लीडर समेत 10 अधिकारियों पर आतंकवादियों की तरह इनाम की घोषणा की।

## अंतर्मना उवाच

***आज के इंसान को धर्म का मर्म, इतना ही समझ में आ जाये कि..वे अपनी गरीबी को किस्मत समझ ले..!***

*जैन दर्शन कर्म सिद्धांत को महत्व देता है। **सुख-दुःख, पुण्य-पाप अच्छा-बुरा -- सब हमारे अपने ही कर्मो का फल है।** जैन धर्म में जातिवाद, वर्णवाद, वंशवाद, भाषावाद, या संकुचितताओं के लिए कोई जगह नहीं है। **जैन कोई जाति नहीं बल्कि 'अहिंसा परमो धर्म' का नाम है।***

*जो धारण किया जाये वो धर्म। धर्म वस्तु का स्वभाव है। जैन धर्म किसी के वैर विरोध में नहीं, ना किसी मजहब में, ना संप्रदायवाद, ना पंथवाद, ना संतवाद की सड़ांध से कोसों दूर है। जैन धर्म तो वस्तुनिष्ठ, प्राकृतिक धर्म है। **जो सभी कामनाओं, वासनाओं से रहित, जन्म मरण से मुक्त है, वीतरागी सर्वज्ञ, हितोपदेशी है... वे जिनेन्द्र भगवान कहलाते हैं।** वीतरागी भगवान ज्ञाता दृष्टा हैं लेकिन सृष्टि के कर्ता-धर्ता नहीं है।*



मंगल बिहार के दौरान तपती धूप में दोपहर की सामायिक करते अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज

*__जैन धर्म में तीर्थंकर 24 होते हैं और भगवान अनंत होते हैं।__ प्रथम तीर्थंकर **भगवान ऋषभ देव (आदिनाथ)** का जन्म करोड़ों, अरबों वर्ष पूर्व अयोध्या में हुआ था। उनके पिता नाभिराय तथा माता मरुदेवी थीं। नाभिराय जी का विवाह यशस्वी व सुनंदा के साथ सम्पन्न हुआ। **भरत बाहुबली उनके 101 पुत्र तथा ब्राह्मी और सुंदरी, यह दो पुत्रियां थी।** उन्होंने राज्य करते हुये, अपने पुत्र-पुत्रियों को भी अनेक कलाओं में पारंगत किया। **बड़ी बेटी ब्राह्मी को लिपी ज्ञान करवाया और छोटी पुत्री सुन्दरी को अंक ज्ञान कराया, जिससे शून्य व अंको का अविष्कार हुआ।** भगवान ऋषभदेव ने मानव समाज को जीवन जीने की मूल विधाएँ सिखाईं... असि, मसि, कृषि, शिल्पकला, वाणिज्य और विद्या। **अनेक महत्वपूर्ण कार्यों के कारण भगवान ऋषभ देव ही भारतीय संस्कृति में ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विश्वकर्मा, प्रजापति, आदि अनेक रूपों में स्मरण किया जाता है।***

*इस प्रकार जैन धर्म हमें यह सिखाता है कि धर्म का सार किसी बाहरी दिखावे में नहीं, बल्कि अहिंसा, आत्मसंयम, सत्य और आत्मजागरण में निहित है। **जो व्यक्ति अपने कर्मों को समझकर आत्मशुद्धि के मार्ग पर चलता है, वही वास्तविक अर्थों में धर्म को धारण करता है...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

### विशेष संपादकीय-

## वायरल होने के चक्कर में बर्बाद होते लोग

*सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर अपने लिए व्यूज, लाइक, फोलो प्राप्त करने तक ही अब लोगों की जिंदगी सीमित होती जा रही है। वायरल होने के बच्चे बूढ़े महिलाएं सब पागल हो रहे हैं। यह बीमारी इस क़दर लोगों की मानसिकता पर अपना प्रभाव जमा चुकी है कि अब सोचने समझने की क्षमता भी प्रभावित हो रही है। हम आये दिन सुनते पढ़ते और देखते भी रहते हैं कि मां बाप द्वारा मोबाइल फोन न चलाने की हिदायत या रोक-टोक से नाराज़ बच्चे ने सुसाइड कर लिया, या फिर पत्नी को रील बनाने पर टोकने से पति का कत्ल तक कर दिया गया। दरअसल यह बीमारी लोगों के मन में बैठे स्वयं को अति विशिष्ट बनाने के भाव से प्रेरित है। लोग कुछ भी करके दूसरो का ध्यान अपनी तरफ खींचना चाहते हैं ताकि उन्हें भी पहचाना जाए। लोग उन्हें नोटिस करें। रील का कंटेंट कुछ भी हो, उसका प्रभाव किसी भी तरह से समाज पर पड़े ,लेकिन इन सब बातों से रीलबाजों को कोई मतलब नहीं है ।उनका एक ही उद्देश्य है, कि लोग उन्हें नोटिस करें, उन्हें देखें उनके लाइक भी बढ़े ,उनके फॉलोअर बढ़े । इन सब के बढ़ने से एक लाभ यह भी है ,कि रीलबाजों की सोशल मीडिया आईडी मोनेटाइज हो जाती है, जिससे उन्हें कुछ पैसा मिलना भी शुरू हो जाता है। लेकिन यह पैसे की इच्छा वाली बात सभी के साथ नहीं होती है। अधिकांश लोगों का मुख्य उद्देश्य होता है ,अपने आप को विशेष बनाना ।जो दबी इच्छा है उनके भीतर हमेशा से बनी रहती है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि इस वायरल होने की बीमारी के कारण सबसे बड़ा नुकसान समाज का हो रहा है। परिवार टूट रहे हैं, लोग सेलफिश हो रहे हैं सबकुछ सोशल मीडिया तक सीमित हो गया है। गहरे संबंध और रिश्ते टूट रहे हैं बिखर रहे हैं। घर परिवार की मर्यादा खत्म हो रही है। क्या बेडरूम ,क्या किचन, पूजाघर या घर का सबसे पवित्र कमरा सब कुछ अब सोशल मीडिया पर डाला जा रहा है। मर्यादाओं के टूटने से समाज में अराजकता बढ़ जाती है, अश्लीलता बढ़ जाती है, अपराध बढते हैं। और सबसे बड़ी बात यह है कि लोग नैतिक जिम्मेदारी भूलकर निरंकुश हो जाते हैं तथा सरकार और समाज दोनों के लिए यह स्थिति खतरनाक हो सकती है इसलिए समय रहते किसी भी तरीके से वायरल होने की बीमारी का ईलाज होना अनिवार्य है।*



# प्रेस क्लब में 40 से अधिक महिलाओं को 'नारी शक्ति सम्मान', सुमित्रा महाजन बोलीं- जिम्मेदारी बढ़ी



इंदौर ■ निसं

नारी शक्ति सम्मान समारोह में महिलाओं को सम्मानित किया गया। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने महिलाओं की बढ़ती जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उनका कहना था कि घर के साथ-साथ अब राष्ट्र निर्माण में भी महिलाओं की अपेक्षाएं बढ़ गई है।

इंदौर प्रेस क्लब ने गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कहा कि आज के समय में महिलाओं की जिम्मेदारियां पहले से कहीं अधिक बढ़ गई हैं। परिवार को संभालने के साथ-साथ उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन करना पड़ता है। बहुआयामी प्रतिभा ही महिला की असली ताकत है।

कार्यक्रम में विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि घर की जिम्मेदारियां निभाने के साथ-साथ समाज को दिशा देने की महत्वपूर्ण भूमिका भी महिलाओं की है। उन्होंने कहा कि समाज की अपेक्षाएं भी महिलाओं से लगातार बढ़ रही हैं। चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से राजनीति में भी उनकी भागीदारी बढ़ेगी और 2047 के स्वर्णिम भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम होगी।

एसपी यांगचुंग भूटिया ने कहा कि आज देश में महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं और जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ रही हैं। सेना से लेकर कला और प्रशासन तक हर क्षेत्र में महिलाओं ने खुद को साबित किया है। वहीं पोस्ट मास्टर जनरल प्रीति अग्रवाल ने कहा कि आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचा है जहां महिलाओं की भागीदारी न हो। भारत के सर्वोच्च पदों तक महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। नारी दुर्बल नहीं, बल्कि ईश्वर की श्रेष्ठ रचना है और उसे सृजनकर्ता की भूमिका दी गई है। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्रेस क्लब की उपाध्यक्ष प्रियंका पांडे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि महिलाओं ने पत्रकारिता के क्षेत्र में भी नए प्रतिमान स्थापित किए हैं।

### ट्रक ने युवक को 25 किलोमीटर तक घसीटा, सिर गायब

# मुरैना में ड्राइवर ने बकरी, फिर युवक पर चढ़ाया, पैर टायर में फंसा; ग्रामीणों ने पकड़ा

मुरैना ■ निसं

मुरैना में शिवपुरी की ओर से आ रहे एक ट्रक ने पहले एक बकरी को कुचला, फिर चरवाहे को भी टक्कर मार दी। हादसे के बाद युवक ट्रक के नीचे फंस गया, लेकिन ड्राइवर बेपरवाही से ट्रक को दौड़ाता रहा। करीब 25 किलोमीटर तक युवक ट्रक में फंसा हुआ घिसटता रहा, जिससे उसका सिर कुचल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही पहाड़गढ़ थाना पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ट्रक का पीछा किया और ड्राइवर को पकड़ लिया। मृतक की पहचान कर ली गई है और उसके परिजन को सूचना दे दी गई है।

**युवक ने ट्रक रुकवाने की कोशिश की, कुचला गया:** पहाड़गढ़ थाना क्षेत्र का रहने वाला सोनू धोबी (25) पुत्र चटई धोबी शनिवार सुबह बकरियां चराने गया था। सुबह करीब 10 बजे वह रोड के पास बकरियां चरा रहा था। इसी दौरान ट्रक (MP31 HA 1220) तेज रफ्तार से कैलारस की ओर जा रहा था।

ट्रक ने पहले सोनू की एक बकरी को कुचल दिया। इसके बाद सोनू ने ट्रक को रोकने की कोशिश की, लेकिन ट्रक चालक ने उसे भी टक्कर मार दी। इससे सोनू ट्रक के नीचे फंस गया। चलते ट्रक के नीचे फंसे रहने के कारण सोनू का सिर कुचल गया और उसकी मौत हो गई।

आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घटना देखी तो फौरन पुलिस को सूचना दी। ग्रामीण भी अलर्ट हो गए। पहाड़गढ़ पुलिस ने ट्रक का पीछा किया और किसारोली गांव के पास ट्रक और ड्राइवर को पकड़ लिया। पहाड़गढ़ थाना प्रभारी टीआई राजेंद्र परिहार के अनुसार काफी मशक्कत के बाद ट्रक चालक को पकड़ लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आज ग्वालियर में साल की पहली नेशनल लोक अदालत

**ग्वालियर।** ग्वालियर के जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में शनिवार (14 मार्च) को साल 2026 की पहली नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इस लोक अदालत में हर तरह के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा और करीब 8 से 10 हजार मामलों को कुछ ही घंटों में निपटाने का लक्ष्य रखा गया है। अधिक से अधिक लोग अपनी समस्याओं का समाधान करा सकें, इसके लिए पिछले कई दिनों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। लोक अदालत में बिजली, पानी, सड़क, संपत्ति कर और जलकर से जुड़े मामलों की संख्या अधिक रहने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम आयुक्त संघप्रिय ने नागरिकों से अपील की है कि वे लोक अदालत में पहुंचकर अधिभार में मिलने वाली 100 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाएं, क्योंकि इसके बाद ऐसा अवसर दोबारा नहीं मिलेगा।

### ग्वालियर में महिला बैंक कर्मचारी से चेन लूटी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में टहलने जा रही महिला बैंक कर्मचारी से बाइक सवार बदमाश झपट्टा मारकर सोने की चेन लूट ले गया। घटना विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र स्थित एमपी संस व होटल सुगरपॉम के पास शुक्रवार रात की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने सर्चिंग की, लेकिन लुटेरे का सुराग नहीं मिला है। पुलिस को कुछ स्थानों पर बदमाश के फुटेज मिले हैं। जिनके आधार पर लुटेरे की तलाश की जा रही है। पुलिस ने चेन स्नेचिंग का मामला दर्ज कर लिया है। शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के बलवंत नगर गौरा अपार्टमेंट जी-2 निवासी 39 वर्षीय कृपा देवी पत्नी स्व. मोहन सिंह एसबीआई बैंक में होम लोन डिपार्टमेंट में पदस्थ हैं। रोजाना की तरह शुक्रवार को भी वह टहलने के लिए निकली थीं। अभी वह एमडी संस डिपार्टमेंटर स्टोर और सुगर पॉम होटल के पास पहुंची ही थीं कि सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनके पास आकर बाइक स्लो की और झपट्टा मारकर गले से सोने की चेन छीन ले गया।

### 3 बार तलाक बोलकर पति ने छोड़ा, सौतन ले आया

**खंडवा।** खंडवा में ट्रिपल तलाक कानून से जुड़ा मामला सामने आया हैं। 31 वर्षीय महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया हैं। ट्रिपल तलाक के तहत महिला के पति और सास-ससुर को आरोपी बनाया गया है। महिला ने बताया कि, शादी के बाद पति से मामूली कहासुनी हो गई थी। तब वह तीन तलाक कहकर मायके में छोड़ गया। तीन साल बाद भी मुझे लेने नहीं आया और अब दूसरा निकाह कर सौतन ले आया। मामले में थाना पदमनगर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सिंघाड़ तलाई निवासी महिला के पति सलमान पिता शेख रफीक, सास नसरीन पति शेख रफीक व ससुर शेख रफीक पिता शेख गफुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने दहेज व शारीरिक-मानसिक उत्पीड़न सहित मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकार का संरक्षण) अधिनियम की धाराएं लगाई हैं।

### जबलपुर में टाटा सूमो में आग...जिंदा जला शख्स

# मच्छर भगाने की अगरबत्ती बनी हादसे की वजह, दुकान भी खाक



जबलपुर ■ निसं

जबलपुर के सिहोरा में शनिवार, 14 मार्च की सुबह एक टाटा सूमो में आग लग गई। जिससे उसमें सो रहा व्यक्ति जिंदा जल गया। आग की लपटों से पास स्थित एक दुकान भी चपेट में आ गई।

शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि मच्छर भगाने के लिए जलाई गई अगरबत्ती से गाड़ी के अंदर पड़े कचरे में अचानक से आग भड़क लग गई, जिससे व्यक्ति बाहर नहीं निकल पाया। बताते हैं, सूमो काफी पुरानी थी। जिसमें अक्सर व्यक्ति सो जाता था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**कई साल से गाड़ी में रह रहा था:** घटना सिहोरा के वार्ड नंबर-3 की है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मृतक लावारिस था। कई सालों से इलाके में खड़ी एक पुरानी टाटा सूमो में ही रह रहा था। बताते हैं, वह मानसिक रूप से अस्वस्थ था। आसपास से कूड़ा-कचरा और पन्नियां इकट्ठा कर गाड़ी में भरकर रखता था। लोगों ने बताया कि वह अक्सर गाड़ी के पास ही खाना बनाता और रात में उसी गाड़ी में सो जाता था।

अचानक आग से शख्स गाड़ी में फंसा बताते हैं, गाड़ी के अंदर बड़ी मात्रा में पन्नियां और ज्वलनशील कचरा रखा था, जिसमें आग तेजी से फैली। जब तक व्यक्ति बाहर निकलने की कोशिश करता, तब तक आग पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले चुकी थी। शख्स अंदर ही फंस गया। दम घुटने और बुरी तरह झुलसने से उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने धुआं और आग की लपटें देखकर पुलिस और फायर ब्रिगेड को कॉल किए। साथ ही खुद भी लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अभी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

## जबलपुर में 26 TI पर एक्शन: छोटे अपराधों में लापरवाही पर एसपी ने की कार्रवाई, सर्विस रिकॉर्ड में होगी दर्ज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में अपराध नियंत्रण और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में लापरवाही करने पर एसपी संपत उपाध्याय ने 26 थाना प्रभारियों को निंदा की सजा दी है। यह सजा उनके सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज होगी, जिसका असर उनके प्रमोशन पर पड़ सकता है। मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में अपराध नियंत्रण और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई में लापरवाही करने पर एसपी संपत उपाध्याय ने 26 थाना प्रभारियों को निंदा की सजा दी है। यह सजा उनके सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज होगी, जिसका असर उनके प्रमोशन पर पड़ सकता है।

**समीक्षा बैठक में सामने आई कमी:** विगत दिनों कंट्रोल रूम में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने 1 जनवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 के बीच हुई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई और लघु अधिनियम के तहत कार्रवाई के आंकड़ों की समीक्षा की। साथ ही 1 जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 की अवधि की भी तुलना की गई।

## दुष्कर्मी के घर पहुंचकर परिजनों ने किया बवाल, बीच-बचाव में आई मां की पिटने से हुई मौत



शिवपुरी ■ निसं

दुष्कर्म के आरोप के बाद रन्नौद में तनावपूर्ण हालात बन गए। आक्रोशित परिजनों के हमले में आरोपी की मां की मौत हो गई, जबकि आरोपी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिले के रन्नौद कस्बे में दुष्कर्म की घटना के बाद हालात हिंसक हो गए। दुष्कर्म का आरोप सामने आने के बाद पीड़िता के आक्रोशित परिजन कथित आरोपी के घर पहुंच गए और उस पर हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आई आरोपी की करीब 60 वर्षीय मां की लाठियों से पिटाई कर दी गई, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं आरोपी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज शिवपुरी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। वहीं महिला की मौत के मामले में पुलिस द्वारा जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी सहायिका ने युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता के परिजन आक्रोशित होकर आरोपी के घर पहुंच गए और वहां मारपीट शुरू कर दी।

इसी दौरान आरोपी की मां अपने बेटे को बचाने के लिए बीच-बचाव करने पहुंचीं, लेकिन हमलावरों ने उन्हें भी लाठियों से पीट दिया। मारपीट में उनके सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।

रन्नौद थाना प्रभारी ने बताया कि आंगनवाड़ी सहायिका की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। वहीं महिला की मौत के मामले में जांच जारी है और जांच पूरी होने के बाद संबंधित लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा।

# दर्दनाक सड़क हादसा, आमने-सामने से भिड़ीं दो बाइकें, मौके पर हुई एक की मौत, दो गंभीर घायल




शहडोल ■ निसं

देवरा जमुनिहा तिराहे पर दो बाइकों की तेज भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरा जमुनिहा तिराहे में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मानवता दिखाते हुए घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। साथ ही पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जयसिंहनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान संतोष सिंह कवर (45) पिता धनपत सिंह कवर निवासी ग्राम नौगाई, थाना जयसिंहनगर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि संतोष सिंह कवर अपनी बाइक से अकेले अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान देवरा जमुनिहा तिराहे के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि संतोष सिंह कवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया ,वहीं घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। शनिवार सुबह पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

### गर्भवती बहू से ससुराल वालों ने मांगे 10 लाख

# हरदा में मेडिकल स्टोर खोलना चाहते हैं; पति समेत 6 पर दहेज प्रताड़ना का केस



हरदा ■ निसं

हरदा की सिटी कोतवाली में शुक्रवार शाम एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके ससुराल वाले मेडिकल स्टोर खोलने के लिए 10 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। 6 महीने की गर्भवती होने के बावजूद महिला को इलाज से वंचित रखा गया और प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने पति सहित 6 लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 11 मई 2025 को सीहोर जिले की भेरुदा तहसील के ग्राम दीपगांव निवासी संदीप कीर से हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी।

शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल के लोग उसे दहेज के लिए परेशान करने लगे थे। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

**इलाज और खाने-पीने पर लगाई रोक:** शिकायत के अनुसार, 16 फरवरी 2026 को सुबह करीब 11 बजे ससुराल वालों ने फिर दहेज को लेकर उससे कहासुनी की। पीड़िता ने जब बताया कि वह 6 माह की गर्भवती है और उसे इलाज की जरूरत है, तो परिजनों ने इनकार कर दिया। ससुराल वालों ने कहा कि जब तक वह मायके से 10 लाख रुपए नहीं लाएगी, तब तक उसे न तो इलाज मिलेगा और न ही ठीक से खाना-पीना दिया जाएगा। उन्होंने साफ कह दिया कि पैसे नहीं मिले तो वह अपने मायके चली जाए।

### सिंगरौली में लेबर की मौत पर भड़के मजदूर

# पावर प्लांट में आग लगाई, गाड़ियों में तोड़फोड़ की, दूर से ही धुएं का गुबार दिख रहा



सिंगरौली ■ निसं

सिंगरौली जिले के माडा थाना क्षेत्र के बधौरा स्थित एक निजी पावर प्लांट में शनिवार सुबह मजदूर की मौत के बाद जमकर हंगामा हो गया। गुस्साए मजदूरों ने प्लांट परिसर में तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि आग प्लांट के किस हिस्से में लगी।

सामने आए वीडियो में दूर से काले धुएं का बड़ा गुबार नजर आ रहा है। प्लांट के अंदर एक साइट के नीचे भी आग लगी हुई है। हालात को काबू में करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, प्लांट में काम करने वाले मजदूर लल्लन सिंह की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। मृतक मूल रूप से झारखंड के गढ़वा जिले का रहने वाला था और लंबे समय से इसी प्लांट में काम कर रहा था। मजदूर की मौत की खबर फैलते ही साथी मजदूरों में आक्रोश फैल गया।

**प्लांट के अंदर खड़ी कई गाड़ियों पर हमला किया:** गुस्साए मजदूरों ने प्लांट के अंदर खड़ी कंपनी के अधिकारियों की आधा दर्जन से गाड़ियों में तोड़फोड़ कर, पलटा दिया। इसके अलावा बधौरा चौकी प्रभारी की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की है। इसके साथ ही प्लांट के अंदर से धुआं उठता दिख रहा है। आगजनी की आशंका है।

**कंपनी कर्मचारी के साथ मजदूरों ने की मारपीट:** गुस्साए मजदूरों ने कंपनी के अंदर मौजूद कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति पर काबू पाने की कोशिश की। घटना के चलते कई कर्मचारी डर के मारे सुरक्षित स्थानों पर छिप गए हैं। जिला मुख्यालय बैढ़न से दमकल की गाड़ियां रवाना की गई हैं। मौके पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेट तैनात हैं। प्रशासन मजदूरों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराने का प्रयास कर रहा है। प्रशासन ने पूरे मामले की जांच का आश्वासन दिया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**कलेक्टर बोले- हार्ट अटैक से हुई मजदूर की मौत:** कलेक्टर गौरव बैनल ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, मजदूर की मौत हार्ट अटैक से हुई है। प्रबंधन और पुलिस की मदद से शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बैढ़न के ट्रॉमा सेंटर में रखवाया गया है।

कलेक्टर ने यह भी बताया कि शनिवार सुबह कुछ मजदूरों ने प्लांट परिसर में हंगामा और तोड़फोड़ की। आगजनी की खबरें भी मिली हैं, हालांकि अभी इसकी स्पष्ट पुष्टि नहीं हुई है।

### हाईकोर्ट ने 200 करोड़ की जमीन पर रोक लगाई

# वन विभाग की याचिका पर गुप्तेश्वर सोसायटी के पक्ष में आदेश पर ब्रेक

ग्वालियर ■ निसं


ग्वालियर में लगभग 200 करोड़ रुपए की जमीन से जुड़े विवाद में हाईकोर्ट ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश दिया। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने गुप्तेश्वर गृह निर्माण सहकारी संस्था के पक्ष में दिए गए पिछले फैसले के अमल पर फिलहाल रोक लगा दी है।

**198 बीघा जमीन को निजी संपत्ति मानने पर विवाद:** 11 दिसंबर 2024 को प्रथम अपील में दिए गए फैसले में बरा गांव की 198 बीघा जमीन को निजी संपत्ति मानते हुए गुप्तेश्वर गृह निर्माण सहकारी संस्था के पक्ष में निर्णय दिया गया था। यह जमीन ग्वालियर नगर निगम सीमा के बरा गांव में स्थित है। यहां भूमि की कीमत एक करोड़ रुपये प्रति बीघा से अधिक आंकी जा रही है।

**वन विभाग ने आरक्षित वन क्षेत्र होने का दावा किया:** राज्य शासन और वन विभाग की ओर से शासकीय अधिवक्ता सीपी सिंह ने अदालत में तर्क दिया कि सर्वे नंबर 730, 731 और 732 सहित करीब 198 बीघा जमीन वन विभाग के कंपार्टमेंट नंबर-320 के आरक्षित वन क्षेत्र में आती है। विभाग का कहना है कि इस भूमि पर उसका कब्जा है और यहां पौधारोपण भी किया गया है।

**ट्रायल कोर्ट ने पहले ही खारिज किया था दावा:** सरकार की ओर से बताया गया कि ट्रायल कोर्ट ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर बिक्री और स्वामित्व से जुड़े दस्तावेजों पर संदेह जताते हुए संस्था का दावा खारिज कर दिया था।

**अपील में दस्तावेजों की जांच पर उठे सवाल:** राज्य सरकार ने दलील दी कि अपील में फैसला पलटते समय कई महत्वपूर्ण तथ्यों और साक्ष्यों पर पर्याप्त विचार नहीं किया गया। अतिरिक्त दस्तावेज स्वीकार करने के बाद उनकी विधिवत जांच भी नहीं की गई, जिसे प्रक्रियागत त्रुटि बताया गया।




# भोपाल के हमीदिया अस्पताल में गोलीबारी, घायल युवक का पीछा करते पहुंचे बदमाशों ने की फायरिंग

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

भोपाल के हमीदिया अस्पताल में आज आज शनिवार को गोलीबारी की घटना हुई है। जहां इमरजेंसी विभाग में भर्ती घायल युवक का पीछा करते पहुंचे बदमाशों ने फायरिंग की है। जिसके बाद विभाग में अफरा तफरी मच गई है।

जानकारी के अनुसार लालू रईस के बेटे इमरान के पैर में गोली लगी थी। एक दिन पहले उसे घर पर बदमाशों ने 10 राउंड फायर किया था। जिसके बाद उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन बदमाश उसक पीछा करते हुए अस्पताल पहुंच गए। यहां इमरजेंसी विभाग में फायरिक की। जिससे वार्ड का कांच टूट गया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है।

**अशोका गार्डन में लल्लू रईस के घर फायरिंग:** शहर के कुख्यात बदमाश लल्लू रईस के घर पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना में लल्लू के बेटे इमरान को गोली लगने की जानकारी सामने आई है। हमलावरों ने घर के बाहर पहुंचकर करीब 8 से 10 राउंड फायर किए, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। गोली लगने से घायल इमरान को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। फायरिंग की इस घटना में शादाब गेट, शाबर मौलाना, गुड्डू स्टेशन और अल्लू परवेज पर गोली चलाने के आरोप लगे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पूरे इलाके में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

**एमपी में हीट स्ट्रोक का खतरा; नर्मदापुरम सबसे गर्म, लू के बीच ओले-बारिश का अलर्ट**

# मार्च में ही रिकॉर्ड तोड़ रही गर्मी

## भोपाल में पारा 37.8 डिग्री तक जा पहुंचा पारा

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**



मध्यप्रदेश में मार्च के दूसरे सप्ताह में भीषण गर्मी पड़ रही है। नर्मदापुरम में तापमान 40.1 डिग्री पहुंच गया है और लू चल रही है। मौसम विभाग ने 15-17 मार्च को कई जिलों में बारिश और गरज-चमक की संभावना जताई है।

मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। मार्च में ही मई जैसी भीषण गर्मी पड़ रही है। एक तरफ नर्मदापुरम तीव्र लू की चपेट में है और पारा 40 डिग्री के पार निकल गया है, वहीं दूसरी तरफ मौसम विभाग ने बारिश की चेतावनी जारी कर दी है। आज 14 मार्च से सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों तक बादल बरस सकते हैं। ग्वालियर-चंबल, जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में बारिश और गरज-चमक की संभावना है। गर्मी के बढ़ते असर को देखते हुए डॉक्टरों ने 'हीट स्ट्रोक' से बचने की सलाह दी है।

**नर्मदापुरम में 'आग' उगल रहा सूरज:** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में गर्मी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यहाँ शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तीव्र लू चली और तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के लगभग सभी बड़े शहरों में पारा 35 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। राजधानी भोपाल में पारा 37.8 डिग्री तक जा पहुँचा है, जिससे दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आने लगी हैं। तेज गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है।

### क्यों बढ़ रही है इतनी गर्मी?

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में हवाओं की दिशा बदलकर पश्चिम और उत्तर-पश्चिम हो गई है। ये हवाएँ राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से आ रही हैं, जिनमें नमी बिल्कुल नहीं है। शुष्क और गर्म हवाओं के कारण मार्च के महीने में ही मई जैसी तपिश महसूस हो रही है।

### एमपी में पारा 40.1°C के पार

मध्यप्रदेश में नर्मदापुरम प्रदेश का सबसे गर्म बना हुआ है, जहाँ पारा 40.1 डिग्री तक जा पहुँचा है। आलम यह है कि हिल स्टेशन पचमढ़ी को छोड़ दिया जाए, तो प्रदेश के लगभग सभी शहरों में तापमान 35 डिग्री के पार निकल गया है। बड़े शहरों की बात करें तो राजधानी भोपाल सबसे ज्यादा तप रही है, जहाँ पारा 37.8 डिग्री दर्ज किया गया। इसके ठीक पीछे इंदौर, जबलपुर और उज्जैन जैसे शहरों में भी गर्मी के तेवर लगभग एक जैसे ही हैं और यहाँ तापमान 37 डिग्री के आसपास बना हुआ है, जबकि ग्वालियर में यह 36.1 डिग्री रहा। नर्मदापुरम के अलावा अन्य जिलों में भी सूरज के तीखे तेवर देखने को मिल रहे हैं। रतलाम और मंडला में पारा 39 डिग्री को छू रहा है, तो वहीं धार, खजुराहो, दमोह और खरगोन में भी झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। इसी तरह सागर, टीकमगढ़ और सिवनी जैसे शहरों में भी तापमान 38 डिग्री तक पहुँच जाने से लोगों को दोपहर में भारी उमस और तपन का सामना करना पड़ रहा है।

### 3 दिन बारिश और गरज-चमक का अलर्ट

भीषण गर्मी के बीच राहत की खबर यह है कि एक नया सिस्टम (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से 15, 16 और 17 मार्च को प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में मौसम बदलेगा।

- **15 मार्च:** ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना और अनूपपुर सहित कई जिलों में बारिश हो सकती है।
- **16 मार्च:** रीवा, सीधी, सिंगरौली, शहडोल और छिंदवाड़ा में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।
- **17 मार्च:** अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में मौसम का असर बना रहेगा।

### हीट स्ट्रोक से बचाव की एडवायजरी

तापमान में अचानक हुई बढ़ोतरी को देखते हुए मौसम विभाग ने स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी जारी की है।

- दोपहर में बिना काम के घर से बाहर न निकलें।
- ज्यादा से ज्यादा पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें।
- घर के अंदर तापमान कम रखने के लिए ओवन या गर्म करने वाले उपकरणों का कम प्रयोग करें।

# मध्यप्रदेश में पुलिस अफसरों के तबादले जल्द...!!!

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

मध्यप्रदेश में आईपीएस अफसरों के तबादला सूची तैयार है और कभी भी ये ऐलान हो सकता है। सूची त्यौहारी सीजन के कारण अटकी थी लेकिन अब कभी भी घोषणा हो सकती है। त्यौहारी सीजन के कारण गृह विभाग की तरफ से इस सूची को होल्ड पर रखी थी। तबादला सूची में सबसे ज्यादा फायदा 2020 बैच के पांच आईपीएस अफसरों को होगा, जिन्हें जिलों में एसपी पद की कमान सौंपी जाएगी। क्योंकि अब तक 2019 बैच के आईपीएस भी जिलों में एसपी पद पर आ चुके हैं। इसके अलावा कोर्ट के आदेश से प्रमोटी आईपीएस बने अधिकारी भी जिले के एसपी बन सकते हैं।

**हट सकते हैं इन जिलों के एसपी:** इस प्रस्तावित सूची के अनुसार लगभग 20 जिलों में नए एसपी की पदस्थापना होगी। शाजापुर के एसपी यशपाल सिंह राजपूत, शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर, डिंडौरी एसपी वाहिनी सिंह, मंडला एसपी रजत सकलेचा, छतरपुर एसपी अगम जैन, बुरहानपुर एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार, निवाड़ी एसपी राय सिंह नरवरिया, नीमच एसपी अंकित जायसवाल, दमोह एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी, सिवनी एसपी सुनील कुमार मेहता, आगर मालवा एसपी विनोद कुमार सिंह, ग्वालियर एसपी धर्मवीर सिंह, उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा और जबलपुर एसपी संपत उपाध्याय को भी बदला जा सकता है।

इनमें से छोटे जिलों के एसपी को बड़े जिलों की कमान सौंपी जा सकती है। इसके अलावा खंडवा एसपी मनोज राय, एसपी रेल भोपाल राहुल लोढा, एसपी रेल जबलपुर सिमाला प्रसाद, एसपी भिंड असित यादव, और एसपी धार मयंक अवस्थी डीआईजी बन चुके हैं, लिहाजा उन्हें भी बदला जाना प्रस्तावित है।

इसके अलावा रीवा एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान, डीसीपी भोपाल विवेक सिंह, डीसीपी इंदौर कुमार प्रतीक और एसपी झाबुआ डॉ शिवदयाल भी इस साल एक जनवरी को डीआईजी बन चुके हैं और इन्हें भी नई पोस्टिंग मिलना तय है, ऐसे में इन जिलों में नए एसपी की तैनाती होगी।

## भोपाल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स का होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह आज मानस भवन में

**भोपाल।** भोपाल व्यापारियों की प्रतिष्ठित शीर्ष संस्था चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्ट्रीज का होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह आज मानस भवन श्यामला हिल्स में साय 7 बजे होने जा रहा हे अध्यक्ष गोविंद गोयल ने बताया इस अवसर पर फूलों की होली ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है इस अवसर पर जन प्रतिनिधि के साथ राजधानी के सामाजिक व्यापारिक राजनीतिक गण्यमान नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

**वैभव सिसिन्टी के की-नोट सेशन के साथ नवोन्मेष 2026 की प्रतियोगिताओं का आगाज**

# ग्लोबल विवि: इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का समापन

**देशों के एआई विशेषज्ञों ने साझा किए विचार**

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**




मध्य भारत के पहले कौशल विश्वविद्यालय स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी, भोपाल में आयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (आईसीएआई) का गुरुवार को समापन हुआ। इसी अवसर पर एआई एक्सपर्ट वैभव सिसिन्टी के 'How to Win in the AI Race' विषय पर आयोजित की-नोट सेशन के साथ नवोन्मेष 2026 की प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ भी हुआ।

समापन सत्र के मुख्य अतिथियों में डॉ. आर. पी. दुबे, कुलपति, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, प्रो. अमिताभ सक्सेना, कार्यकारी निदेशक, आईटीडीपीआर, डॉ. एस. के. जैन, कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, चांसलर, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय तथा डॉ. विजय सिंह कुलपति, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. अमिताभ सक्सेना ने तकनीक के विकास की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रारंभिक दौर में कंप्यूटर सी-प्रॉम्प्ट, वर्डस्टार और बूटिंग प्रक्रिया के माध्यम से संचालित होते थे। समय के साथ ग्राफिकल यूज़र इंटरफेस और इंटरनेट के आगमन ने तकनीकी दुनिया को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विश्लेषण और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ज्ञान और अनुसंधान के नए आयाम विकसित हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. एस. के. जैन ने कहा कि वर्तमान समय में गहन अधिगम और बहुविषयक शिक्षण की आवश्यकता बढ़ गई है। एआई के माध्यम से शिक्षण-अधिगम की प्रक्रियाएँ अधिक प्रभावी और व्यापक बनाई जा सकती हैं।

# पीआईबी आंध्रप्रदेश के प्रतिनिधिमंडल द्वारा मानव संग्रहालय का भ्रमण किया

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**




इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में पीआईबी आंध्रप्रदेश के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज संग्रहालय का भ्रमण किया। इस अवसर पर दल के सदस्यों ने संग्रहालय परिसर में स्थापित विभिन्न मुक्ताकाश प्रदर्शनों, जनजातीय आवासों एवं सांस्कृतिक दीर्घाओं का अवलोकन करते हुए भारत की विविध लोक एवं जनजातीय संस्कृतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान संग्रहालय अधिकारी डॉ मो रेहान द्वारा प्रतिनिधिमंडल को संग्रहालय की स्थापना, उद्देश्य तथा यहाँ प्रदर्शित विभिन्न सांस्कृतिक रूपों के बारे में विस्तार से बताया गया। संग्रहालय में प्रदर्शित देश के विभिन्न राज्यों की जनजातीय एवं पारंपरिक जीवन शैली, लोक कला, हस्तशिल्प तथा सांस्कृतिक विरासत को देखकर दल के सदस्य काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय भारत की बहुरंगी सांस्कृतिक परंपराओं को समझने का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहाँ विभिन्न समुदायों के जीवन और संस्कृति का जीवंत स्वरूप देखने को मिलता है।

इस प्रतिनिधिमंडल में एन. मुरली – आंध्र ज्योति, वी.आर.सी. फणिहरन – द हंस इंडिया, बी. गणेश – साक्षी, एस. सत्यनारायण शर्मा – विशालांध्र, ए. संदीप कुमार रेड्डी – रायलसीमा समयम्, एम. संबासिवा राव – द हिंदू, शंकरलिंगम मुनी राजू – इनाडु, एम. पी. रवि शंकर – डीडीके न्यूज़, टी.वी.वी.एस. रमेश – स्काईलाइन, सी.एच. सत्यम – मुंसिफ टीवी, आर. रमेश चंद्र (ए.डी.) – संचालन अधिकारी, के. शिवा रेड्डी (सीजी-II) – सहायक संचालन अधिकारी अन्य चैनल के कुल 14 सदस्य शामिल थे।

इस अवसर पर संग्रहालय के अधिकारी मो. रेहान एवं डॉ मोहन गोयल द्वारा प्रतिनिधिमंडल को संग्रहालय के विभिन्न प्रदर्शनों एवं उनकी विशेषताओं से अवगत कराते हुए परिसर का भ्रमण कराया गया।

**भोपाल में ट्यूबवेल बोरिंग पर रोक**

# अब बोरिंग से पहले लेनी होगी एसडीएम की परमिशन

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

**नहीं तो होगी एफआईआर**

राजधानी भोपाल में गर्मी की दस्तक के साथ ही जल संकट गहराने लगा है। भू-जल स्तर में लगातार हो रही गिरावट को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसके तहत संपूर्ण भोपाल जिले को 'जल अभावग्रस्त' क्षेत्र घोषित कर दिया गया है और निजी नलकूप खनन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब पानी की एक-एक बूंद को बचाने के लिए प्रशासन ने बोरिंग मशीनों की आवाजाही पर भी कड़ा पहरा लगा दिया है। बिना अनुमति जिले में प्रवेश करने वाली बोरिंग मशीनों को पुलिस जब्त करेगी और स्नङ्घक्र दर्ज होगी। भोपाल के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जमीन के अंदर का पानी तेजी से कम हो रहा है।

### बिना अनुमति बोरिंग करना पड़ेगा भारी

नए आदेश के अनुसार, अब कोई भी नागरिक अपनी निजी जमीन पर बिना पूर्व अनुमति के नलकूप या बोरिंग नहीं करा सकेगा। यदि किसी को बोरिंग कराना बहुत आवश्यक है, तो उसे संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (स्ठरू) से लिखित अनुमति लेनी होगी। प्रशासन केवल अपरिहार्य परिस्थितियों और उचित जांच के बाद ही खनन की अनुमति देगा।

# संशय का समाधान करती है रामकथा : प्रतीकेश्वर महाराज

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**



राजधानी के न्यू मार्केट में स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पर दिनांक 12 से 14 मार्च तक श्री राम कथा का आयोजन रामभक्त दीप अग्रवाल ,हेमंत ठाकुर एवं श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति द्वारा किया जा रहा है। रामकथा के दूसरे दिन श्री राम दरबार की पूजा अर्चना के साथ तुलसी पूजन आदि करते हुए कथा का शुभारंभ हुआ ।आयोजन समिति ने कथा व्यास पं प्रतीकेश्वर महाराज का स्वागत सम्मान किया और उनका आशीर्वाद लिया । इसके उपरांत कथा व्यास पंडित प्रतीकेश्वर महाराज ने श्री राम कथा के माध्यम से कहा कि –जीवन के हर संशय का समाधान श्री राम कथा करती है ।संशय के समाधान के लिए ही कथा की जाती है। लेकिन हमेशा आधा ज्ञान बहुत खतरनाक होता है ,अगर मन में कोई संकोच है ,संशय है तो हमें तुरंत सवाल करना चाहिए ।उस संशय को लेकर यहां वहां नहीं भटकना चाहिए ।आज के समय में समझाने वाले बहुत मिल जाएंगे ,लेकिन समझने वालों की कमी है ।भगवान शिव भी माता सती को नहीं समझ पाए ।इसलिए किसी को समझाने में अपनी ऊर्जा खर्च न करें । आप खुद समझदार बने तो संशयों पर पार पा सकते हैं। श्री राम कथा के दौरान तमाम गणमान्य नागरिकों जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ हजारों की संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

**चाकू की नोक पर व्यापारी के 55 लाख कैश ले उड़े थे लुटेरे**

# लूटकांड का पर्दाफाश, आरोपी मुंबई से अरेस्ट

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**



मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में रंगपंचमी की रात हुई सनसनीखेज लूट का गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। स्मार्ट सिटी रोड पर दो व्यापारी भाइयों के साथ चाकू की नोक पर 55 लाख रुपए लूटने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भोपाल पुलिस की एक विशेष टीम ने आरोपियों का पीछा करते हुए ने मुख्य आरोपी शान और हैदर को मुंबई से पकड़ा है। अब पुलिस जल्दी ही इस लूटकांड को लेकर बड़ा खुलासा कर सकती है।

राजधानी के श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र में हुई 55 लाख रुपये की लूट ने पूरे शहर को दहला दिया था। अब इस मामले में भोपाल पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए मुख्य आरोपी शान और हैदर को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पहचान छुपाने के लिए सीधे मुंबई भाग गए थे, लेकिन तकनीकी सर्विलांस और मुखबिरों की सूचना पर पुलिस उन तक गई।

### रंगपंचमी की रात हुई थी वारदात

घटना रंगपंचमी की रात की है, जब स्मार्ट सिटी रोड पर सन्नाटे का फायदा उठाकर 6 बदमाशों ने दो व्यापारी भाइयों को घेरा। बदमाशों ने चाकू की नोक पर व्यापारियों को डराया और रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में 55 लाख कैश था, जिसे व्यापारियों ने प्रॉपर्टी खरीदने के लिए जुटाया था।

### पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज

वारदात के बाद पुलिस ने श्यामला हिल्स और स्मार्ट सिटी रोड के दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले। संदिग्धों की पहचान शान और हैदर के रूप में हुई, जो भोपाल के ही रहने वाले हैं। जब पुलिस ने उनकी लोकेशन ट्रैक की, तो वे मुंबई में पाए गए। तत्काल एक टीम मुंबई रवाना की गई और स्थानीय पुलिस की मदद से दोनों को दबोच लिया गया।

### बदमाशों का गिरोह, 2 गिरफ्तार

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस लूटकांड में कुल 6 बदमाश शामिल थे। शान और हैदर मुख्य आरोपी बताए जा रहे हैं, जिन्होंने पूरी प्लानिंग की थी। बाकी 4 साथियों की तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस कल शनिवार इस पूरे मामले का खुलासा प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए कर सकती है, जिसमें लूट की रकम की बरामदगी और कार्रवाई के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## भोपाल में पुलिस का मोबाइल हैक, साइबर चोरों ने दिखाया डिजिटल दम!

**भोपाल ■ अमृत दर्शन**

भोपाल के गांधीनगर थाना में पदस्थ पुलिसकर्मी कृष्ण कटारिया का व्हाट्सएप अकाउंट हैक हो गया और शहर में चर्चा शुरू हो गई अब जब पुलिस का ही मोबाइल हैक हो रहा है तो आम जनता किस खेत की मूली है बताया जा रहा है कि कटारिया जी के नंबर से अजीब-अजीब लिंक घूम रहे हैं। लोग भी मजाक में कह रहे हैं कि पहले पुलिस चोर पकड़ती थी, अब चोर मोबाइल पकड़ कर पुलिस को ही परेशान कर रहे हैं। फिलहाल सभी लोगों से अपील है कि उनके नंबर से आने वाली किसी भी लिंक पर क्लिक न करें, वरना साइबर चोर आपका मोबाइल भी ऐसे गायब कर देंगे जैसे जेब से बटुआ।

प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21- एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित। फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा।प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल ।मोबाईल नं. 9827054436 ।